# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# 72 किमी लंबी सड़क बनते ही मिलम क्षेत्र चमोली से जुड़ सकेगा

**सर्वे**

## सीमांत के दुंग से चमोली की सीमा सोमना तक स्वीकृत सड़क का सर्वे कर लौटा दल

दो हजार करोड़ की लागत से बनेगी सड़क

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। मिलम क्षेत्र के दुंग से टोपीढुंगा होते हुए चनी सीमा के समान्तर चमोल जिले की सोमना तक सड़क स्वीकृत हो चुकी है। बता दें कि उच्च हिमालय में बनने वाली सड़क का सर्वे कर केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग व वन विभाग की टीम लौट आ गई है। दल ने मौके पर मिलम और जोशीमठ की आईटीबीपी की टीम से संपर्क कर सहयोग लेकर आ चुकी है। 72 किमी लंबी सड़क बनते ही मिलम क्षेत्र चमोली से जुड़ सकेगा। जानकारी के मुताबिक मुंसयारी के ढुंग से चमोली के सोमना तक सड़क की डीपीआर दो हजार करोड़ की लागत से तैयार की जानी है। बता दें कि इस सड़क के बनने से मुंसयारी से बद्रीनाथ पहुंचना खासा आसान हो जायेगा।





दुंग से सोमना चमोली तक स्वीकृत सड़क मार्ग की सर्वे को पिछले दो साल पहले होना थी। मगर इस उच्च इलाके में जाने के लिए वन विभाग व अन्य टीमों की हिम्मत नही हो पायी। जिले से 29 सितंबर को वन विभाग की टीम मुंसयारी से रवाना हुई।

एक अक्टूबर को मापांग व दो अक्टूबर को मिलम मे दल ने पहुंचकर ठीक उसी के दूसरी दोपहर को दल दुंग पहुंचा। दुंग से उच्च हिमालयी क्षेत्र में चलते हुए 29 किमी दूर गंगपानी पहुंचा।

दल में मुंसयारी क्षेत्र के वन क्षेत्राधिकारी पूरन सिंह देउपा के नेतृत्व में यह सर्वे पूरा किया। दल सर्वे करता हुआ पांच किमी दूर टोपीढुगा से पैतालीस सौ मीटर की उचाई पर पहुंचा। टोपीढुगा से नौ किमी दूर सुदांग पहुंचकर यहां से 19 किमी पैदल यात्रा कर दल लपथल पहुचा। लपथल से बारह किमी चल कर मलारी पहुंचा। अंतिम दिन सफर में दल ने चमोली मिले की सीमा सोमना में प्रवेश किया। दल ने बताया कि यहां पूर्व में दो किमी सड़क बन चुकी है। दल ने बताया कि बीते दो दिन पूर्व दल ने सर्वे कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर ली है।

वही इस दौरान रास्ते में आईटीबीपी व कुमाउं स्काउट के जवानों नटवर त्रिलोक सिंह राणा, अर्द्दली बहादुर, हसां राणा आदि शामिल रहे।

## न्यूज डायरी

### राहगीर से लूट करने वाले तीनों बदमाश गिरफ्तार

**संवाददाता** हरिद्वार। राहगिर से लूट करने वाले बाइक सवार तीनों बदमाशों को रानीपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिनके पास से पुलिस ने लूटी गयी नगदी, जरूरी कागजात सहित वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद की है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने लूट की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताते चले कि रेगुलेटर पुल पर गुरूवार की रात को खाना खाकर टहलने निकले अशोक पुत्र जगबीर निवासी गांव दादूपुर गोविंदपुर रानीपुर से बाइक सवार तीन बदमाशों ने साढ़े पांच हजार की नगदी व जरूरी कागजात लूट की वारदात को अंजाम दिया था। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी लेने के बाद बाइक सवारों की तलाश की गयी, लेकिन कोई सफलता नहीं मिल पायी थी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी।

### धोखाधड़ी कर बैंक से लाखों की रकम निकालने वाला गिरफ्तार

**संवाददाता** हरिद्वार। तीन माह बाद परिचित के क्रेडिट कार्डों से लाखों निकालने वाले आरोपित को पुलिस ने यूपी से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का मेडिकल कराते हुए न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसको जेल भेज दिया गया। नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने बताया कैलाश गली भूपतवाला निवासी पंकज सोम पुत्र योगेंद्र सिंह ने तहरीर देकर 28 जुलाई 2020 को अपने परिचित अमित शर्मा पुत्र इलम चंद निवासी रामपुरी कोतवाली नगर मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश के खिलाफ तहरीर देते हुए धोखाधड़ी कर उसके क्रेडिट कार्डो से लाखों की रकम निकाले का मुकदमा दर्ज कराया।

### बिग फैशन फेस्टिवल में मिंत्रा ने स्टाईल्स के साथ सबसे विशाल संग्रह प्रस्तुत किया

**संवाददाता** देहरादून। मिंत्रा की अल्टीमेट फैशन शॉपिंग ईवेंट, 'बिग फैशन फेस्टिवल' का आयोजन 16 अक्टूबर से 22 अक्टूबर के बीच किया जा रहा है। इस सेल में ग्राहकों को 5000 से ज्यादा ब्रांड्स के 9 लाख से अधिक स्टाईल अत्यधिक किफायती मूल्यों में प्रस्तुत किए जा रहे हैं। मिंत्रा को अपने प्लेटफॉर्म पर इस बार पिछले फेस्टिव सीजन के मुकाबले ट्रैफिक में दोगुनी वृद्धि के साथ 4 मिलियन से ज्यादा ग्राहकों के आने का अनुमान है। मिंत्रा के मार्केटिंग अभियान देश में 150 मिलियन से ज्यादा लोगों तक पहुंचेंगे। इस मेगा फैशन ईवेंट में पिछले फेस्टिव सीजन के मुकाबले मांग में दोगुनी वृद्धि होने का अनुमान है, जिसमें से 50 प्रतिशत योगदान टियर 2 एवं 3 शहरों से मिलेगा।

## प्राचीन पौराणिक छड़ी यात्रा अन्तिम चरण में पहुंची दूना गिरि

**संवाददाता** हरिद्वार। श्रीपंच दशनाम जूना अखाड़े की विगत 12 सितम्बर को हरिद्वार से प्रारम्भ हुई प्राचीन पौराणिक पवित्र छड़ी यात्रा अब अपने अन्तिम चरण में पहुंच गयी है। शनिवार को पवित्र छड़ी त्रेतायुगीन पौराणिक शक्तिपीठ दूना गिरि मन्दिर पहुंची। जहां मन्दिर के पुरोहितों ने पवित्र छड़ी की पूजा अर्चना कर माता वैष्णवी के दर्शन कराए। उत्तराखण्ड की शक्तिपीठों में से एक दूना गिरि माता वैष्णो देवी जम्मूकश्मीर के बाद एक मात्र दूसरी वैष्णो शक्तिपीठ है। पौराणिक आख्यानों के अनुसार त्रेतायुग में जब लक्ष्मण को मेघनाथ की शक्तिबाण लगी थी तब सुशेष वैद्य के कहने पर हनुमान उपचार हेतु संजीवनी बूटी का पर्वत लेकर आ रहे थे, तब इस स्थान पर पर्वत का एक टुकड़ा टूट कर गिर गया था। इस स्थान में दूना गिरि का मन्दिर बन गया। बाद मे सन् 1318 ईस्वी में कत्यूरी शासक सुधार देव ने भव्य मन्दिर का निर्माण कर इसमें माता दुर्गा की मूर्ति की स्थापना की। वैसे यहां पर माता के पिण्डी स्वरूप की पूजा होती है। देवी पुराण के अनुसार पांडवों ने युद्ध में विजय हेतु अज्ञातवास के दौरान दूना गिरि माता की पूजा की थी।

## शीघ्र ही परेड ग्राउंड की साफ सफाई कराई जाये: विधायक

शीघ्र कार्यवाही न होने पर कांग्रेसजन आंदोलन करेंगें

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष व पूव विधायक राजकुमार ने जिलाधिकारी आशीष कुमार श्रीवास्वव से मिलकर शीघ्र ही परेड ग्राउंड की साफ सफाई कराई जाये। शीघ्र कार्यवाही न होने पर कांग्रेसजन आंदोलन करेंगें।

पूर्व विधायक राजकुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मुलाकात करते हुए उन्हें ज्ञापन सौंपा और कहा कि देहरादून का एक मात्र परेड ग्राउड जहां छोटे–बड़े सभी प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन किए जाते थे और सेहत के लिए टहलने वाले लोग सुबह–शाम टहलने आते थे अब स्मार्ट सिटी का कार्य चलने से चारों तरफ का हाल बहुत बुरा हो रखा है। ज्ञापन में कहा गया कि पिछली कांग्रेस सरकार द्वारा परेड ग्राउड के सौंदर्यीकरण एवं परेड ग्राउड स्थित खेल स्थलों पर करोडों रूपए का काम किया गया था, वहीं वर्तमान सरकार ने परेड ग्राउड का बुरा है और चारों ओर से मैदान को खराब कर दिया है। मिट्टी पत्थर से चारों तरफ व बीच में ढेर लगे हुए है जिससे सेहत के लिए सुबह–शाम टहलने वाले लोगों का टहलना बन्द हो गया है और दशहरा जैसे त्यौहार परेड ग्राउड में भव्य रूप से मनाए जाते हैं इसलिए परेड़ ग्राउड से तुरन्त मिट्टी–पत्थर उठाई जाए ताकि किसी को भी परेशानी न हो।

ज्ञापन में कहा गया है कि परेड ग्राउंड को पूर्व की भांति साफ सुथरा किया जाये। ज्ञापन में इसी के साथ ई सी रोड, सुभाष रोड आराघर, बलबीर रोड, राजपुर रोड, न्यू रोड, सुभाष रोड, तेगबहादुर रोड, पल्टन बाजार व शहर की आंतरिक सडके एवं कई स्थानों पर खुदी हुई रोड जगह–जगह से धस गयी है। कई कारणों से सड़कों पर पानी भर जाता है और सड़कों के गढ़ढों का पता नहीं चलता है जिस वजह से कई दुर्घटनाएं हो रही है। लोग गढडों में गिर रहे हैं और आने जाने में भारी परेशानी हो रही है और जगह–जगह जाम की स्थिति बन जाती है।

## एनेस्थीसिया का इंजेक्शन देने से हुई युवक की मौत,पत्नी ने अस्पताल पर उठाये सवाल

**संवाददाता**

मुख्यमंत्री को भेजा मदद की गुहार का पत्र

पिथौरागढ़। जिला मुख्यालय पिथौरागढ़ के तोली निवासी धर्मेन्द्र सिह को पथरी के इलाज के लिए हल्द्वानी के विवेकानंद अस्पताल में दो सितंबर को भर्ती किया गया था। वही आनन–फानन में अस्तपाल प्रबंधन ने युवक की परेशानी को देखते हुए उसी दिन पीड़ित युवक को आपरेशन करने के लिए एनीथिसिया का इंजेक्शन लगा दिया।

वही युवक की इंजेक्शन से मौके पर मौत हो गई। मृतक युवक के दो बच्चे है। मृतक की पत्नी ने अस्पताल प्रबंधन की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाते हुए न्याय दिलाये जाने की मांग की है। जानकारी के मुताबिक युवक की मौत के बाद अस्पताल प्रबंधन द्वारा मृतक युवक की पत्नी को एक लाख चालीस हजार का बिल भी सौप दिया।

बता दें कि पीड़िता के परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है। वही मृतक की पत्नी का कहना है कि गांव के लोगों से पैसा उधार लेकर वह अपनी पति के पथरी के इलाज कराने को लेकर हल्द्वानी के विवेकानंद अस्पताल में आई थी। अस्पताल प्रबंधन द्वारा पति को गलत इंजेक्शन देकर उनके इलाज में खलल डालने का प्रयास किया है। वही उनके पति की मौत हो गई। मृतक की पत्नी




ने इस मामले में मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ जांच करने व इनके बिल की भुगतान राशि को लौटाये जाने की मांग की है।

दोनों बच्चों की उनके पिता की हुई अचानक मौत पर रो रोकर बुरा हाल बना हुआ है। वही मृतक की पत्नी ने इस मामले पर कुमाउ कमिशनर व जिला अधिकारी पिथौरागढ़ को युवा समाज सेवी व जिला पंचायत सदस्य राजेन्द्र भटट के माध्यम से अपनी आप बीती का जिक्र करते हुए न्याय की गुहार लगाकर पत्र भेजा है।

## विश्वविद्यालय नवीनतम शोध करने की दिशा में कार्य करेगा

**संवाददाता** हरिद्वार। गुरुकुल कांगड़ी (समविश्वविद्यालय) हरिद्वार और उत्तराखण्ड आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय के मध्य शोधा ओर आयुर्वेद को लेकर एक एमओयू साईन हुआ। आयुर्वेद की विधा के अन्तर्गत दोनों विश्वविद्यालय शोध के क्षेत्र में नया इतिहास रचने जा रहे हैं। आयुर्वेद के क्षेत्र में दोनों विश्वविद्यालय के शोधार्थी परस्पर नए–नए शोध में दिशा देने का काम करेंगे। वहीं आयुर्वेद और भैषज्ञ विभाग के छात्र उत्तराखण्ड आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय में आयुर्वेद का प्रशिक्षण भी ले सकेंगे।

वहीं उत्तराखण्ड आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय के शोधार्थी गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के भैषज्ञ विज्ञान विभाग में समय–समय पर प्रयोगात्मक कार्य भी करते रहेंगे। गुरुकुल कांगड़ी के कुलपति प्रो. रूपकिशोर शास्त्री ने कहा कि विश्वविद्यालय वैदिक परम्पराओं के आधार पर आयुर्वेद के क्षेत्र में नवीनतम शोध करने की दिशा में कार्य करेगी। इस कार्य में उत्तराखण्ड आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय अपने प्रयोगात्मक ज्ञान का संचार भैषज्ञ विज्ञान के छात्रें को देगी।